**COLLEGE OF DAIRY & FOOD TECHNOLOGY (CDFT)**
*(Rajasthan University of Veterinary & Animal Sciences, Bikaner)*
*NH-21, Agra Road, Bassi, Jaipur-303301 (Raj.)*

।। अन्नं न निन्द्यात् तद् व्रतम् ।।

।पशुधनं नित्यं सर्वलोकोपकारकम्।

**Prof. (Dr.) Rohitash Dadhich**
**DEAN**

**Mb. No. - 9680779584**
**E- mail:- cdftbassi@gmail.com**

No. F. ( )/CDFT/2024-25/ 1198

Date:- 05-12-2024

# प्रेस नोट

बस्सी दिनांक 5 दिसंबर। डेयरी एवं खाद्य प्रौद्योगिकी महाविद्यालय बस्सी, जयपुर के परिसर में प्रथम वर्ष (सत्र 2024-25) के नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं ने गुरुवार को आयोजित ओरियंटेशन कार्यक्रम में भाग लेकर सभी संबंधित विभागों का भ्रमण कर महाविद्यालय की कार्यप्रणाली एवं उपलब्ध सुविधाओं को देखा और जाना। अधिष्ठाता प्रो. रोहिताश दाधीच ने विद्यार्थियों को डेयरी एवं खाद्य प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में प्रवेश की बधाई दी एवं डेयरी और खाद्य उद्योग के विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों के बारे में बताया। प्रो. रोहिताश दाधीच ने छात्र-छात्राओं को अनुशासन में रहते हुए शिक्षण श्रेष्ठता हासिल करने एवं सर्वांगीण विकास की बात कही। उन्होंने कॉलेज, बस्सी जयपुर को रैगिंग फ्री कैंपस बताते हुए सभी नव गन्तु विद्यार्थियों को रैगिंग नहीं होने के प्रति आश्वस्त किय। प्रो. रोहिताश दाधीच ने छात्र-छात्राओं को उच्च स्तरीय शिक्षा के लिए भी जानकारी दी। अकादमिक समन्वयक, डॉ नरेंद्र कुमार ने विद्यार्थियों को महाविद्यालय में अकादमिक पाठ्यक्रम, इन्टरनेट, छात्र-छात्रों चिकित्सा सुविधाओं एवं विभिन्न डेरी क्षेत्रों जैसे की सहकारी और सरकारी क्षेत्रों में रोजगार के बारे में जानकारी प्रदान की। छात्र कल्याण, डॉ ममता ठाकुर ने छात्र -छात्राओं सेमेस्टर पंजीकरण के बारे में बताया। श्री संजीव कुमार ने विद्यार्थियों को उपस्थिति अनिवार्यता एवं परीक्षा शेड्यूल के बारे में बताया। ओरियंटेशन कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

S/d

अधिष्ठाता